नया इंडिया

खेल

सार समाचार

आयुष म्हात्रे करेंगे मुंबई टीम की कप्तानी

मुंबई,वार्ता। आयुष म्हात्रे आगामी सोमवार से शुरु होने वाले बुची बाबू टूर्नामेंट में मुंबई टीम की कप्तानी करेंगे। तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित यह बहु-दिवसीय टूर्नामेंट 18 अगस्त से नो सितंबर तक चेन्नई में खेला जाएगा। मुंबई ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के संक्षिप्त और अंडर-19 टीम की कप्तानी करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले युवा आयुष म्हात्रे को 17 सदस्यीय टीम की कमान सौंपी है। टीम में सरफराज खान और मुशीर खान भी शामिल हैं।

मुंबई टीमः आयुष म्हात्रे (कप्तान), मुशीर खान, दिव्यांश सक्सेना, सरफराज खान, सुवेद पार्कर (उप-कप्तान), प्रग्नेश कनपिल्लेवार, हर्ष अधव, साईराज पाटिल, आकाश पारकर, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), श्रेयस गुरव, यश डिचोलकर, हिमांशु सिंह, रॉयस्टन डायस, सिल्वेस्टर डिसूजा और इरफान उमैर।

'बार्बी' अवतार में उतरीं वीनस विलियम्स

मुंबई,वार्ता। अग्रणी वैश्विक खिलोना और पारिवारिक मनोरंजन कंपनी मैटल, इंक., टेनिस आइकन, उद्यमी और समान वेतन की पैरोकार वीनस विलियम्स के सम्मान में भारत में रिलीज़ होने वाली पहली बार्बी इंस्पायरिंग वुमेन डॉल को गर्व से प्रस्तुत कर रही है। यह डॉल भारतीय बाजार में इस विश्वव्यापी रूप से पसंद की जाने वाली श्रृंखला की शुरुआत का प्रतीक है, जो उन उल्लेखनीय महिलाओं को श्रद्धांजलि देती है जिनकी उपलब्धियों ने इतिहास बदल दिया है और पीढ़ियों को प्रेरित किया है। 1959 से, बार्बी ब्रांड का उद्देश्य हर लड़की में असीम क्षमता को प्रेरित करना रहा है। 250 से ज्यादा करियर और अनगिनत सांस्कृतिक पलों के माध्यम से, बार्बी ने कल्पना को प्रज्वलित करते हुए समय को प्रतिबिंबित किया है।

गुलवीर सिंह ने 3000 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

नई दिल्ली,भाषा। भारत के गुलवीर सिंह ने बुडापेस्ट में ग्युलाई इस्तवान मेमोरियल हंगेरियन एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की 3000 मीटर दौड़ की गैर ओलंपिक स्पर्धा में अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को बेहतर किया और पांचवें स्थान पर रहे। गुलवीर ने मंगलवार को सात मिनट 34.49 सेकंड का समय लेकर इस वर्ष फरवरी में बोस्टन विश्वविद्यालय डेविड हेमरी वेलेंटाइन आमंत्रण प्रतियोगिता में बनाए गए अपने ही पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड 7.38.26 सेकंड में सुधार किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी यूरोप में अपनी पहली ट्रैक रेस में भाग ले रहा था।

रोहित ने लगाई वनडे रैंकिंग में छलांग

बाबर आजम को पछाड़ कर रोहित आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे।

दुबई ■ भाषा/डेस्क

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए। आईपीएल 2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले 38 साल के रोहित ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा जो केरेबिया में वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए।

रोहित के 756 अंक हैं और वह भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (784) से पीछे हैं जो पहले नंबर पर बने हुए हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 736 अंक के साथ चौथे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित और कोहली दोनों ने भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी लेकिन उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। दोनों स्टार बल्लेबाज

अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेल सकते हैं और उन्होंने लय में वापसी के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

मौजूदा रैंकिंग में भारत के पांच बल्लेबाज शीर्ष 15 में हैं जिसमें श्रेयस अय्यर आठवें और लोकेश राहुल 15वें स्थान पर हैं। इस बीच नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को फायदा हुआ है। टिम डेविड ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और दाएं हाथ का यह आक्रामक बल्लेबाज छह स्थान के सुधार से 10वें पायदान पर है। डेविड के टीम के साथी कैमरन ग्रीन भी छह स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं।

डार्विन में दूसरे टी20 में 125 रन की रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस लंबी छलांग लगाते हुए 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछली रैंकिंग में वह शीर्ष 100 से बाहर थे। उनकी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला में 1-1 से बराबरी हासिल की। बल्लेबाजों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (12 स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) जबकि गेंदबाजों की सूची में जोश हेजलवुड (तीन स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर), कागिसो रबादा (15 स्थान के फायदे से 44वें स्थान पर) और लुंगी एनगिडी (14 स्थान के फायदे से 50वें स्थान पर) को फायदा हुआ है।

इंडिया ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया

ब्रिस्बेन ■ वार्ता/डेस्क

राधा यादव (तीन विकेट), तितास साधु और मिन्नू मनी (2-2 विकेट) के बाद यास्तिका भाटिया (59) और शेफाली वर्मा (36) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ए को 48 गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंडिया ए ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है।

21ऽ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यास्तिका भाटिया और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 11वें ओवर में सियाना जिंजर ने शेफाली वर्मा (36) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी

धारा गुजजर ने यास्ति
भाटिया के साथ दूसरे विकेट
लिए 63 रनों की साझेदारी
धारा गुजगर 31 गेंदों में 36
तेजल हसबनिस (आठ)
बनाकर आउट हुईं। यास्ति
भाटिया ने 70 गेंदों में
चौकों की मदद से 59 रनों
पारी खेली। तनुश्री सरव
(तीन), राधा यादव (19)
मिन्नू मनी एक रन बना
आउट हुईं। इंडिया ए ने
ओवर में सात विकेट पर 2
रन बनाकर मुकाबला
विकेट से जीत लिया।

विश्व चैंपियनशिपः सिंधु नलबंतोवा से और लक्ष्य शी युकी से भिड़ेंगे

नई दिल्ली ■ वार्ता/डेस्क

भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन इस महीने के आखिर में पेरिस में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में अपने-अपने शुरुआती दौर के मैचों में जूनियर यूरोपीय चैंपियन बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा तथा चीन के शी युकी से भिड़ेंगे। 25 से 31 अगस्त के बीच पेरिस में होने वाली बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2025 के ड्रॉ की बुधवार को घोषणा की गई।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और महिला एकल रैंकिंग में 15वें स्थान काबिज पी

वी सिंधु अपने शुरुआती दौर के मैच में विश्व की 66वें नंबर की खिलाड़ी और दो बार की यूरोपीय जूनियर चैंपियन बुल्गारिया की कालोयाना नलबंतोवा से भिड़ेंगी। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिंग में 21वें स्थान पर काबिज लक्ष्य सेन को शुरुआती दौर में दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी चीन के शी युकी के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

खेलों का नासूर, फर्जी जन्म प्रमाणपत्र!

■ राजेंद्र सजवान

'फ़र्ज़ी जन्मप्रमाण पत्र देने पर 11 पहलवान निलंबित', यह खबर प्रकाशित हुई तो पहलवानों के अभिभावक, कोच और सम्बंधित फेडरेशन अधिकारी सकते में आ गए। हालांकि पहलवानों के कोच, माता पिता और अखाड़ों से जुड़े गुरुजन कह रहे हैं कि पहलवानों के साथ साजिश हुई है। लेकिन उम्र की धोखाधड़ी का यह पहला और अकेला मामला नहीं है। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार खुद फेडरेशन ने आगे बढ़कर धोखाधड़ी करने वालों को धर दबोचा है। भारतीय खेलों का पोस्टमॉर्टम किया जाए तो सैकड़ों नहीं हजारों लाखों खिलाड़ी उम्र के फ़र्ज़ीवाड़े का

सुखभोग कर रहे हैं, ऐसा देश के खेल जानकारों और उम्र की धोखाधड़ी की निगरानी करने वालों का मानना है।

देश के सभी खेलों में खिलाड़ियों की उम्र घटाने का खेल वर्षों से चल रहा है। कुछ कोचों और खेल संघ से जुड़े अधिकारियों की मानें तो माता पिता, कोच और फेडरेशन अधिकारियों की मिली भगत से यह गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है। छोटी आयुवर्ग के तमाम आयोजनों में नब्बे फीसदी या अधिक खिलाड़ी बड़ी उम्र के मिल जाएंगे। हॉकी, फुटबाल, बैडमिंटन, टेनिस, बास्केटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक, तैराकी, जिम्नास्टिक, हैंडबॉल और लगभग सभी खेलों में हर दूसरा खिलाड़ी आयु सीमा का उल्लंघन करता नजर आएगा।

स्कूल और अकादमी को रिजल्ट चाहिए जिसके लिए खिलाड़ी की उम्र घटा दी जाती है। उसे एक दो या चार छह साल छोटे खिलाड़ियों के सामने उतार कर कोच, स्कूल और अकादमी वाह वाह लूट ले जाते हैं। कोई भी यह नहीं सोचता कि देश के खेलों को कितना नुक्सान उठाना पड़ता है। कोई भी यह जानने का प्रयास न
करता कि खेल जगत में भा
की किस कदर थू थू होती
हाल में एक सरकारी सर्वे
पता चला है कि भारतीय खे
को उम्र की धोखाधड़ी घुन
तरह कमजोर कर रही है।

सरकारें और खेल संघ
कुछ जानते हुए भी अनजान
हुए हैं। लेकिन बहुत हो लि
यदि अब भी गंभीरता न
दिखाई गई तो भारतीय खे
आज जहां हैं वहां से भी ब
नीचे लुढ़क सकते हैं। सच
यह है कि भारतीय खेलों
शर्मनाक प्रदर्शन का सबसे ब
कारण उम्र की धोखाधड़ी ही
ऐसे में प्रतिभावन खिल
धोखेबाजों से पिछड़
गुमनामी में खो जाते हैं।

आर्थिकी/परदेश

सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,600 के पार

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक चढ़ गया। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा।

बीएसई का तीस शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख

विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। इसका कारण खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर पर पहुंचना है। इससे वाहन और धातु शेयरों की अगुवाई में सोच-विचार कर खर्च से जुड़े क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर चीन पर शुल्क लगाये जाने की समयसीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है।

रत्न एवं आभूषण निर्यात जुलाई में 15.98 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई ■ भाषा/डेस्क

वैश्विक चुनौतियों के बीच जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 15.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 217 करोड़ 82.4 लाख डॉलर (18,756.28 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के इसी महीने में कुल रत्न और आभूषण निर्यात 187 करोड़ 80.9 लाख डॉलर (15,700 करोड़ रुपये) का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बयान में कहा, जुलाई का निर्यात अच्छा रहा है और हमारे उद्योग के लिए एक उत्साहजनक संकेत है। इसे मुख्य रूप से इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आ ई - आई जे ए स) प्रीमियर के दौरान सफल ऑर्डर बुकिंग और हांगकांग के बाजार में मजबूत वापसी से बढ़ावा मिला है।

अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि पर असर नहीं : एसएंडपी

नई दिल्ली, भाषा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के निदेशक यीफानं फुआ ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से भारत की वृद्धि प्रभावित नहीं होगी क्योंकि यह व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है और इसकी 'सॉवरेन रेटिंग' का परिदृश्य सकारात्मक ही बना रहेगा। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि का हवाला देते हुए पिछले वर्ष मई में भारत की सॉवरेन रेटिंग 'बीबीबी-' को बढ़ाकर सकारात्मक कर दिया था। अमेरिका ने सभी भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इस तरह कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। यह शुल्क 27 अगस्त से लागू होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या शुल्क लगाए जाने से भारत के सकारात्मक परिदृश्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा यीफानं ने कहा, '' मुझे नहीं लगता कि भारत पर लगाए गए शुल्क का आर्थिक वृद्धि पर कोई प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि भारत बहुत अधिक व्यापार-उन्मुख अर्थव्यवस्था नहीं है।

दक्षिणी यूरोप के जंगलों में लगी आग से तीन की मौत, हजारों लोग विस्थापि

एथेंस, एपी। यूनान के तीसरे सबसे बड़े शहर एथेंस की सीमा सुरक्षित रखने के लिए रात भर चली जद्दोजहद के बीच बुध
को दक्षिणी यूरोप के जंगलों में आग और भड़क गई। इधर स्पेन, तुर्की और अल्बानिया में कम से कम तीन और मौतों
सूचना मिली है। यूनान के बंदरगाह शहर पैट्रास के बाहर जैतून के बागों में आग की लपटें फैलती देख अग्निशमन कर्मि
को घरों और खेतों को बचाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जैसे ही पानी गिराने वाले विमान और हेलीकॉप्टर उ
से गुजरे, वहां रहने वाले निवासियों ने भी इस प्रयास में अपना योगदान दिया। इनलोगों ने पेड़ों की डालियों को काटकर आ
फैलने से रोका या बाल्टियों से पानी उड़ेलकर आग बुझाई। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि यूनान ने पड़ोसी
अल्बानिया को भी सहायता भेजी तथा जंगल की आग से निपटने के अंतरराष्ट्रीय प्रयास में शामिल हुआ।

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू. उ. प./25/2374-75 दिनांक :- 13/08/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनिल बापना पुत्र श्री चान्दमल बापना ग्राम केंवाडा की आराजी संख्या 56/2 में स्थित भूखण्ड संख्या 24 कुल क्षेत्रफल 145.41 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन (ई-1) में भू-उपयोग मिश्रित दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का व्यावसायिक उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू. उ. प./25/2372-73 दिनांक :- 13/08/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चान्दमल बापना पुत्र श्री मांगी लाल बा. फना ग्राम केंवाडा की आराजी संख्या 56/2 में स्थित भूखण्ड संख्या 23 कुल क्षेत्रफल 142.98 वर्गमीटर का आवासीय से व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट जोन (ई-1) में भू-उपयोग मिश्रित दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का व्यावसायिक उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : भू. उ. प./25/2370-71 दिनांक :- 13/08/2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शालीन अग्रवाल पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, श्रीमती नीतम अग्रवाल पत्नी श्री शालीन अग्रवाल द्वारा न्यास की पंचवर्ती योजना में स्थित भूखण्ड संख्या 4.226 कुल क्षेत्रफल 217.95 वर्गमीटर का आवासीय से मिश्रित प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन वास्ते न्यास कार्यालय में आवेदन किया है।

उक्त भूमि का जोनल डवलपमेन्ट प्लान जोन (डी) में भू-उपयोग आवासीय दर्शा रखा है। आवेदित भूमि का मिश्रित उपयोग वास्ते भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने में किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस में न्यास कार्यालय में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा सकेगी। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

क्रमांक : LU2012/BHL/2025-26/100829 दिनांक :- 13/08/2025

लोक सूचना

श्री NEERAJ पुत्र श्री MANOHAR LAL जाति MEENA निवासी JAGTPURA, JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिभूति अधिकारी के निर्धारण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	क्षेत्रफल (हेक्टे.)
1.	सुवाणा, भीलवाड़ा (भीलवाड़ा)	NEERAJ S/O MANOHAR LAL MEENA	3846	1897	0.1897
				कुल	0.1897

इसलिए, इसके द्वारा समस्त सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 80-क और राजस्थान अभिभूति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिभूति अधिकारों के निर्धारण पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएमओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते हैं।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 13/08/2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी
नगर विकास न्यास, भीलवाड़ा

टाइटन बायोटेक लिमिटेड

CIN : L74999RJ1992PLC013387
रजि. कार्यालय :- ए-90ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज II, सिवाड़ी, टानडवाना-301019
फोन नंबर 011- 71239900, **ईमेल:** hrd@titanbiotechltd.com,
वेबसाइट:- www.titanbiotechltd.com

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन			
		समाप्त तिमाही			समाप्त व
		30.06.2025	31.03.2025	30.06.2024	31.03.20
		अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,721.86	3,655.00	4,373.83	16,036.
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	811.21	502.85	751.70	2,436.
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	811.21	502.85	751.70	2,436.
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	616.08	376.61	569.96	1,82
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (लौट 3 देखें)	617.91	370.80	574.33	1,834
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	13,686.
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)				
	(ए) बेसिक	7.46	4.56	6.90	2
	(बी) डायल्यूटिड	7.46	4.56	6.90	2

30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अनअंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड			
		समाप्त तिमाही			समाप्त व
		30.06.2025	31.03.2025	30.06.2024	31.03.20
		अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षि
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	4,721.86	3,655.00	4,373.83	16,036.
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	811.21	502.85	751.70	2,436.
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	811.21	502.85	751.70	2,436.
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	686.28	404.68	639.96	2,153
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (लौट 3 देखें)	688.11	398.87	644.33	2,160.
6	पेड-अप इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	14,513.
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)				
	(ए) बेसिक	8.30	4.90	7.74	26.
	(बी) डायल्यूटिड	8.30	4.90	7.74	26.

नोट्स :

1. उपरोक्त 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए स्टैंडेअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत परिवृत्त स्वरूप का एक तार है और ये (विनियम दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 30.06.2025 समाप्त उक्त तिमाही के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.c और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
2. 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए उपरोक्त अनअंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंप के निदेशक मंडल द्वारा 13 अगस्त, 2025 को आयोजित बैठक में इसे दिनांकित भी किया गया है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने नीचे (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), 2015 के विनियमन 33 के संदर्भ में एक सीमित समीक्षा की है। 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के परिणाम बीएसई लिमिटेड की वेबसा (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट (www.titanbiotechltd.com) पर उपलब्ध हैं।
3. कंपनी के कराधान कानून (संशोधन) अध्यादेश 2019 द्वारा पेश्ड आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए इ तद्अनुसार, कंपनी ने 30.06.2025 को समाप्त तिमाही के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अ कर लंबित को समाप्त कर दिया है।
4. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानकों) नियम 2015 (संशोधित) में निर्ध भारतीय लेखा मानकों ("Ind AS") ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत"- के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. चालू वर्ष में पीएटसी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से परिचालन से राजस्व में माल ढुलाई की राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअ करने के लिए कुल अन्य खर्चों में माल ढुलाई भाड़ा भी जोड़ा गया।

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 13.08.2025

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर
कृते टाइटन बायोटेक लिमि
नरेश कुमार सिंग
प्रबंध निदेश
DIN-000274